शनिवार

20 मई, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक




बिना वैध चालान के यूपी जा रहे बालू लदे 45 ट्रकों को बक्सर प्रशासन ने पकड़ा

3

# आरबीआई का फैसला... अब 2000 रुपये के नोट होंगे चलन से बाहर

- एक बार फिर नोटबंदी, इस बार क्लीन नोट पॉलिसी के तहत आरबीआई ने लिया फैसला
- 30 सितंबर तक कानूनी रूप से वैध रहेंगे 2000 रुपए के नोट



**एजेंसी/नई दिल्ली**

आरबीआई ने 2000 रुपये के नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की है। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को सलाह दी है कि वे तत्काल प्रभाव से 2000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंकनोट जारी करना बंद करें। हालांकि 2000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। जानकारी के मुताबिक, क्लीन नोट पॉलिसी के तहत आरबीआई ने यह फैसला लिया है। आरबीआई ने कहा है कि यह नोट 30 सितंबर तक कानूनी रूप से वैध रहेंगे। आरबीआई ने नवंबर 2016 में ये नोट निकाले थे। रिजर्व बैंक ने नोटबंदी के बाद इन नोटों को जारी किया था। यह फैसला इसलिए लिया गया था ताकि उस समय 500 और 1000 रुपये के जो नोट चलन से हटाए गए थे, उनका बाजार और अर्थव्यवस्था पर असर कम किया जा सके। जब दूसरे मूल्य के बैंक नोट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो गए, तब दो हजार रुपये को चलन में लाने का उद्देश्य पूरा हो गया।

### 23 मई से बैंकों में बदले जाएंगे 2000 के नोट

लोग दो हजार रुपये के नोट बैंक खातों में जमा करा सकेंगे या फिर उन्हें अन्य मूल्य के नोटों के साथ किसी भी बैंक शाखा में जाकर एक्सचेंज करा सकेंगे। लोगों को यह ध्यान रखना होगा कि एक बार में अधिकतम 20 हजार रुपये मूल्य के नोट बदलवाए जाए सकेंगे। यह प्रक्रिया 23 मई से शुरू होगी और 30 सितंबर 2023 को खत्म होगी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2019-20, वित्त वर्ष 2020-21 और वित्त वर्ष 2021-22 में 2000 रुपये के एक भी नोट नहीं छापे गए हैं। इस वजह से बाजार में 2000 रुपये के नोटों का सकुर्लेशन कम हुआ है।

### नोटबंदी के बाद जारी हुआ था 2000 रु का नोट

8 नवंबर 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐलान के बाद 500 और 1000 रुपये के सभी नोट चलन से बाहर हो गए थे। इन करेंसी की जगह रिजर्व बैंक ने 500 और 2000 रुपये के नए नोट जारी किए गए थे. रिजर्व बैंक का मानना था कि 2000 रुपये का नोट उन नोट की वैल्यू की भरपाई आसानी से कर देगा, जिन्हें चलन से बाहर कर दिया गया था।

### निर्देश... करेंसी नोट पर कुछ भी न लिखें

आरबीआई के अनुसार क्लीन नोट पॉलिसी लोगों के लिए है कि वो करेंसी नोट्स पर कुछ भी न लिखें, क्योंकि ऐसा करने से उनका रंग-रूप बिगड़ जाता है और लाइफ भी कम हो जाती है। आरबीआई ने कहा कि देश में आम जन को लेन-देन में अच्छी क्वालिटी के बैंक नोट मिले हैं। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए क्लीन नोट पॉलिसी लागू की गई है कि लोग बैंक नोट्स को स्टेपल न करें। साथ ही न उन पर कुछ भी लिखें, न ही रबर स्टांप लगाएं और न ही किसी प्रकार का निशान बनाएं। साथ ही माला आदि के लिए नोटों का इस्तेमाल नहीं करें।

# बिहार के होनहार खिलाड़ियों को मिलेगी सरकारी नौकरी

### स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव में डिप्टी सीएम ने की घोषणा



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से पटना के ज्ञान भवन में शुक्रवार को स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने किया। कॉन्क्लेव में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री जितेंद्र कुमार राय भी शामिल हुए। बिहार सरकार ने राज्य के खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में नियुक्ति देने का निर्णय लिया है और वैसे सभी खिलाड़ियों जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है वे अब सरकारी नौकरी के योग्य होंगे। अब राज्य के होनहार खिलाड़ी खेल नियुक्ति पोर्टल पर सीधे जाकर सरकारी नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

बिहार को खेल के मानचित्र में एक उत्कृष्ट केंद्र के रूप में स्थापित करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था। प्रदेश में यह स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव 20 मई तक आयोजित है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण ने कहा कि इस दौरान प्रसिद्ध ओलिम्पिक खिलाड़ी, प्रशिक्षक, खेल विशेषज्ञ और खेल प्रबंधक बिहार में खेल व खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए विचार और महत्वपूर्ण सुझाव देंगे। इसके आधार पर सरकार को नई खेल नीति के दिशा- निर्देश और अनुपालन में सहयोग मिलेगा।

### ज्ञान भवन में गेमिंग जोन की भी व्यवस्था

आयोजन स्थल ज्ञान भवन में एक गेमिंग जोन की भी व्यवस्था की गई है। बिहार के बच्चों और युवाओं को दुनिया भर में तेजी से प्रचलित हो रही खेल की इस आधुनिक विधा ई-स्पोर्ट्स के प्रति जागरूक करने तथा प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गेमिंग जोन बनाया गया है।

**बिहार में प्रतिभा की कमी नहीं है : मंत्री-** कला संस्कृति एवं युवा विभाग मंत्री, जितेंद्र राय ने कहा की हमारे बिहार में प्रतिभा की कमी नहीं है. बिहार के खिलाड़ियों को सही तरीके से प्रशिक्षण दिया जाएगा तो वह निश्चित तौर पर अच्छा करेंगे। हम सब मिलकर बिहार को खेल क्षेत्र में आगे ले जाने के लिए काम करेंगे। साथ ही खिलाड़ियों को कहा कि आप दिल से खेले तो आने वाले समय में बिहार के खिलाड़ी ओलंपिक में भी शामिल होंगे।

## खबरें फटाफट

### ज्ञानवापी में मिली 'शिवलिंग' के वैज्ञानिक परीक्षण पर रोक

**नई दिल्ली।** वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद में मिली शिवलिंग की रचना का फिलहाल वैज्ञानिक परीक्षण नहीं होगा। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को रचना की प्राचीनता का पता लगाने का आदेश दिया था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश के अमल पर अंतरिम रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट कहा है कि वह अपने पास पहले से लंबित मामले के साथ इसे सुनेगा। पिछले साल वाराणसी की निचली अदालत के आदेश पर हुए ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे में वहां शिवलिंग जैसी रचना मिली थी। हिंदू पक्ष ने इसे काशी विश्वनाथ मंदिर का मूल शिवलिंग बताया था। मुस्लिम पक्ष ने उसे फव्वारा कहा था। तब सुप्रीम कोर्ट ने पूरी जगह को सील करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने शिवलिंग की रचना को सुरक्षित रखने के लिए भी कहा था।

### ट्रैफिक नियम तोड़ने पर बाबा धीरेंद्र शास्त्री पर जुर्माना

**पटना।** राजधानी पटना के नौबतपुर में हनुमंत कथा कहकर बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री चले गए हैं लेकिन नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई शुरू हो गई है। बाबा धीरेंद्र शास्त्री पर ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के मामले में जुर्माना लगाया गया है। बिना सीट बेल्ट लगाए गाड़ी में चलने पर 1000 रुपए का चालान काटा गया है। चालान को ऑनलाइन भेजा गया है और जुर्माने की रकम जमा करने के लिए कहा गया है।

### मुख्यमंत्री ने दरभंगा में तटबंध के उच्चीकरण कार्य की शुरुआत की

# बाढ़ के संकट से छुटकारा पाने पर है सरकार का ध्यान : नीतीश

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को तेजी से काम पूरा कराने का दिया निर्देश
- बोलें- जिलाधिकारी लोगों के बीच जाएं और उनकी समस्याओं का निदान करने की कोशिश करें



**केटी न्यूज/दरभंगा**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा जिले के कोठराम में जल संसाधन विभाग के अंतर्गत 296.89 करोड़ रुपये की लागत से कमला बलान नदी के बायां एवं दायां तटबंध के उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण कार्य (फेज-2) का शिलापट्ट अनावरण कर कायारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि कमला बलान नदी के दोनों तटबंधों के उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण का कार्य बेहतर ढंग से कराया जा रहा है। बरसात में नेपाल से काफी मात्रा में पानी आने के कारण बिहार की विभिन्न नदियों का जलस्तर बढ़ जाता है और बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। इससे काफी नुकसान होता है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों के समक्ष संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। वर्ष 2019 में ही हमलोगों ने यह निर्णय लिया था कि लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हर जरूरी काम कराया जाएगा जिससे यहां के लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले फेज के तहत काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज दूसरे फेज का भी शिलान्यास हो गया है। अगले साल तक इस दूसरे फेज का काम भी तेजी से पूरा करें। यहां तटबंध पर जो काम चल रहा है उसके संबंध में भी हमने कहा है कि इसकी चौड़ाई का ध्यान रखिएगा, जिससे लोगों को आवागमन में सहुलियत हो। यह काम पूरा हो जाएगा तो लोगों को संकट का सामना नही करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि नेपाल से बहुत कुछ उम्मीदें थीं लेकिन उधर से कुछ हो नहीं रहा है। श्रद्धेय अटल जी के कार्यकाल में बिहार के सभी सांसदों को बुलाकर इस संबंध में बातें हुईं थी, उस समय इस दिशा में पहल भी की गई लेकिन अब कुछ नहीं हो पा रहा है। नेपाल से हमलोगों का बेहतर संबंध रहा है। हमलोग इस संकट से छुटकारा पाने के लिए पूरी तैयारी कर रहे हैं। हम अधिकारियों से उम्मीद करते हैं कि इस काम को तेजी से पूर्ण कराएं, इसमें देरी न करें। हम किसी दिन हवाई सर्वेक्षण के माध्यम से निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेंगे। हमलोगों ने वर्ष 2009 से काफी काम करवाया। लोगों को सुविधा प्रदान करने के लिए हर प्रकार से काम करवाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जिलाधिकारी लोगों के बीच जाएं और सबकी बातों को सुनें और उनकी समस्याओं का निदान करने की कोशिश करें। यदि किसी प्रकार की दिक्कत हो तो यहां हमारे प्रधान सचिव से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि कुछ लोग समाज में असंतोष पैदा करने की कोशिश में लगे रहते हैं। समाज में झगड़ा कराने के प्रयास में लगे हुए हैं। ऐसे लोगों से सचेत रहें।

### आनंद मोहन की रिहाई केस में अनुसूचित जाति आयोग ने बिहार सरकार को दिया नोटिस

बाहुबली और पूर्व सांसद आनंद मोहन को कानून बदलकर रिहा करने के मामले में नीतीश सरकार की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही। अब राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने भी बिहार सरकार को नोटिस जारी कर दिया है। इसमें पूछा गया गया है कि दिवंगत दलित अधिकारी और गोपालगंज के तत्कालीन डीएम जी. कृष्णैया की हत्या की दोषी आनंद मोहन को रिहा करने के लिए बिहार कारा कानून में किस तरह बदलाव किया गया। इस बदलाव के क्या आधार हैं? दरअसल, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष विजय सांप्ला बिहार दौरे पर हैं। उन्होंने आनंद मोहन केस की समीक्षा की। इसके बाद इस मामले को लेकर बिहार सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि आनंद मोहन को आजीवन कारावास की सजा हुई थी। कानून बदलकर बिहार सरकार द्वारा रिहा कर दिया गया। राज्य सरकार से जवाब मांगी गयी है, अब तक जवाब नहीं मिला है। उन्होंने बिहार की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाया। कहा कि बिहार, भारत का दूसरा राज्य है, जहां अनुसुचित जाति के लोगों का मर्डर सबसे ज्यादा हो रहा है। यह गंभीर और चिंतनीय विषय है। सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए। बता दें कि पूर्व आईएएस अधिकारी जी. कृष्णैया हत्याकांड के दोषी बाहुबली पूर्व सांसद आनंद मोहन मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। दिवंगत आईएएस की पत्नी उमा कृष्णैया ने छूट दिलाने के लिए प्रावधान बदलने के नीतीश सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू भी हुई, लेकिन राज्य सरकार की ओर से लिखित जवाब के लिए समय की मांग की गई और कोर्ट ने इसकी अनुमति दे दी। कोर्ट ने अगली सुनवाई एक अगस्त को करने की तारीख दी है।

### ब्रह्मस्थान दुर्गा मंदिर को हटाए जाने पर बिफरे गिरिराज सिंह

**पटना।** पटना में मेट्रो निर्माण कार्य के कारण के चलते कई जगहों पर मकान और मंदिर को हटाया जा रहा है। मंदिर को हटाने का विरोध भी शुरू हो गया है। इसको लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अशोक राजपथ पर पटना कॉलेज के पास स्थित ब्रह्मस्थान दुर्गा मंदिर को तोड़ा जा रहा है। जबकि मंदिर की कुछ दूरी पर स्थित मजार की व्यवस्था मुख्यमंत्री आवास की तरह चकाचक की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर बंटवारे के बाद सभी मुसलमान पाकिस्तान चले जाते तो आज यह नौबत नहीं आती। दरअसल, पटना में ब्रह्मस्थान दुर्गा मंदिर को हटाने के विरोध में स्थानीय लोग धरना दे रहे हैं।







### न्यास समिति के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने मंदिर के आय-व्यय की दी जानकारी

# पटना के महावीर मंदिर की हर दिन की आमदनी है 10 लाख रुपए



**केटी न्यूज/पटना**

पटना का महावीर मंदिर हर दिन 10 लाख रुपए आमदनी करता है। इसमें मंदिर के भेंट पात्रों से निकली चढ़ावे की राशि, कर्मकांड शुल्क, नैवेद्यम की बचत राशि, स्वैच्छिक चंदे से प्राप्त राशि, मंदिर परिसर के विक्रय केंद्रों की बचत राशि और बैंक ब्याज शामिल हैं। इसमें अस्पतालों एवं अन्य संस्थाओं के आय-व्यय की राशि शामिल नहीं है। इस बात जानकारी शुक्रवार को न्यास समिति के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने दी है। बताया कि न्यास समिति की ओर से जब महावीर मंदिर का वर्ष 1987 के नवंबर में अधिग्रहण किया गया था तब मंदिर की आय प्रतिवर्ष 11 हजार थी और मंदिर के बैंक अकांउट में एक भी रुपया नहीं था।

### इस मंदिर के पास है सवा सौ एकड़ से अधिक का भूखंड

किशोर कुणाल ने बताया कि जब वर्तमान न्यास समिति ने कार्य प्रारंभ किया था, तब मंदिर परिसर के अलावा कोई जमीन नहीं थी। आज इस मंदिर के पास सवा सौ एकड़ से अधिक का भूखंड है। कमरिया के पास विराट रामायण मंदिर के लिए 7 से लेकर 12 लाख रुपए प्रति एकड़ का दर से सौ एकड़ जमीन खरीदी है। वहां का सरकारी रेट 80 लाख रुपए प्रति एकड़ है। इसके साथ ही राम जानकी पथ में पड़ने वाले भूखंड का मुआवजा चौगुने दाम पर मिलने वाला है।

**पटना के बाहर भी 5 शहरों में मंदिर:** वर्तमान न्यास समिति ने महावीर मंदिर, पटना के सर्वांगीण विकास के अलावे हाजीपुर के प्रसिद्ध पौराणिक गजेन्द्र मोक्ष स्थल, कोनहरा घाट पर एक भव्य विशालनाथ मंदिर और वैशाली जिला के इस्माइलपुर में नवीन आकर्षक राम जानकी मन्दिर का निर्माण किया है। महावीर मंदिर के प्रति अतिशय श्रद्धा भाव के कारण मुजफ्फरपुर के स्व दिलीप साहु ने वहां का विशाल रामजानकी मंदिर, मनमोहन मंदिर और हनुमान मंदिर को वर्तमान महावीर मंदिर के नाम कर दिया है। पटना महावीर मंदिर की ओर से उस मंदिरों का जीर्णोद्धार किया गया। इसी तरह गया के शैलेश सिन्हा ने कचहरी के पास स्थित माधवानन्द महावीर मंदिर को सौंप दिया है। कोईलवर के पास सकड़डीह के रंजी सिंह ने एक हनुमान मंदिर सौंपा है, जिसके पास मेन सिक्स लेन मार्ग पर एक बीघा जमीन है। वहां भव्य शिव मन्दिर बन रहा है।

सुविचार



जीयर स्वामी

मनुष्य का स्नेह एवं सुख की कामना बाल्यकाल से ही परिवर्तित होता रहता है।

**बड़ी खबर** करंट की चपेट में आने से खेत पटाने गए बुजुर्ग...

केशव टाइम्स

बक्सर, २० मई २०२३



## खबरें फटाफट

### सड़क हादसे में दादी-पोता जख्मी


**आरा।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के डेम्हा गांव के समीप शुक्रवार की सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार दादी-पोता गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में चौरी थाना क्षेत्र के बेरथ गांव निवासी स्व.तलमन साह की 80 वर्षीया पत्नी सिंगरो कुंवर और उनका 18 वर्षीय पोता दीपक कुमार शामिल है। दीपक कुमार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वह अपनी दादी सिंगरो कुंवर के साथ बाइक से कोईलवर थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव रिश्तेदारी में बीमार बाबा को देखने के लिए जा रहा था। उसी दौरान डेम्हा गांव के समीप अचानक नीलगाय बाइक पर छलांग लगा दी। उससे दोनों बाइक से गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद परिजन द्वारा दोनों को इलाज के लिए उदवंतनगर पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

### गैस रिसाव के कारण पांच झुलसे

**आरा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेनुआ गांव में शुक्रवार की दोपहर खाना बनाने के दौरान गैस रिसाव होने से बाप-बेटी और बेटे समेत पांच लोग बुरी तरह झुलस गए। सभी का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। झुलसे लोगों में तेनुआ गांव निवासी सुदामा पासवान,उनकी पुत्री लक्ष्मी कुमारी, पुत्र अतीश कुमार,भतीजी सोनझरी कुमारी और भतीजा दीपक कुमार शामिल है। परिजन मदन पासवान ने बताया कि झुलसी सोनझरी कुमारी की शादी होने वाली है। इसी माह की 21 तारीख को तिलक और 29 को बारात आने वाली है। शुक्रवार की दोपहर वह घर में गैस चुला पर खाना बना रही थी। तभी अचानक गैस सिलेंडर का पाइप फट गया और आग भभक उठा। उसमें वह झुलसने लगी। उसे झुलसता देख जब चारों लोग उसे बचाने गए। उसी दौरान वे लोग भी झुलस गए। उसके बाद सभी झुलसे लोगों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

# पल्स पोलियो है एडिशनल डोज, नियमित टीकाकरण से इसका कोई लेना देना नहीं

- नियमित टीकाकरण में पोलियो की खुराक लेने वाले बच्चों को भी दी जायेगी दवा
- पल्स पोलियो अभियान के दौरान दवा खुराक देना पांच साल तक के बच्चे के लिए अनिवार्य



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में 28 मई से पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की जानी है। जिसको लेकर जिला स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस क्रम में जिला स्वास्थ्य समिति ने सभी जिलों से दो दिनों के अंदर अभियान के लिए माइक्रो प्लान बनाकर समर्पित करने का निर्देश दिया है। ताकि, पल्य पोलियो अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न उत्पन्न हो सके। लेकिन, पोलियो की खुराक को लेकर अभी भी कई ऐसे अभिभावक हैं, जो उलझन में रहते हैं। उनका मानना होता है कि नियमित टीकाकरण के दौरान उनके बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाती है। उसके बाद पल्स पोलियो अभियान के दौरान खुराक क्यों दी जाए। ऐसे में विभाग ने उन लोगों को फ्रंटलाइन वर्कर्स को जागरूक करने की जिम्मेदारी सौंपी हैं। इस संबंध में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह ने बताया कि पल्स पोलियो की खुराक शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए एक एडिशनल डोज है। इसका नियमित टीकाकरण से कोई लेना देना नहीं है। यदि नियमित टीकाकरण में एक दिन पहले भी पोलियो की खुराक दी गई हो तो बच्चे को अगले दिन पल्स पोलियो अभियान के दौरान वो खुराक देना अनिवार्य है। जिससे बच्चे के पोलियो की चपेट में आने की संभावना पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

**पोलियो की बीमारी एक वायरस की वजह से होती है :** डॉ. सिंह ने बताया, पोलियो बहुत ही संक्रामक बीमारी है। यह संक्रमित व्यक्ति के मल के संपर्क में आने से या फिर उनके छींकने या खांसने से हवा में फैली संक्रमित बूंदों को सांस के जरिये अंदर लेने से फैलता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह वायरस संक्रमित व्यक्ति की आंतों, श्लेम और लार में पाया जाता है। पोलियो की बीमारी एक वायरस की वजह से होती है। संक्रमित भोजन, पानी, या हवा में मौजूद संक्रमित बूंदों को मुंह के जरिये अंदर लेने से यह बीमारी फैलती है। पोलियो का वायरस आपके शरीर में प्रवेश करने के बाद तंत्रिका तंत्र को प्रभावित कर सकता है। कुछ लोगों को इसमें केवल फ्लू के हल्के लक्षण ही महसूस होते हैं, मगर पोलियो की वजह से लकवा हो सकता है और ज्यादा गंभीर हो तो यह जानलेवा भी हो सकता है। बच्चों को, खासकर कि पांच साल से कम उम्र वालों को यह बीमारी होने का सबसे ज्यादा खतरा होता है। पोलियो का कोई इलाज नहीं है, मगर पोलियो का टीका बच्चे का इस बीमारी से बचाव कर सकता है।

### पोलियो का कोई इलाज नहीं

यूनिसेफ की एसएमसी शगुफ्ता जमील ने बताया, विस्तृत रूप से चलाए गए पोलियो टीकाकरण अभियान की बदौलत भारत को एक पोलियो मुक्त राष्ट्र घोषित किया जा चुका है। पोलियो मुक्त देश बनाए रखने के लिए हमें सभी बच्चों को पोलियो का टीका लगवाना जारी रखना होगा। जिन बच्चों को पोलियो का टीका नहीं लगता, उन्हें यह बीमारी होने का खतरा अभी भी है क्योंकि यह संक्रमण हमारे आसपास से पूरी तरह मिटा नहीं है और अब भी आसानी से फैल सकता है। जिन संक्रमित लोगों में पोलियो के लक्षण सामने नहीं आते, वे तब भी यह संक्रमण दूसरों तक पहुंचा सकते हैं। इसलिए अगर वे ऐसे व्यक्तियों के संपर्क में आएं जिन्होंने टीकाकरण नहीं करवाया है, तो उन्हें भी यह इनफेक्शन हो सकता है।

### सहार थाना क्षेत्र का मामला, घटना के बाद मौके से फरार हुआ वाहन चालक, जांच में जुटी पुलिस

# खेत पटाने जा रहे युवक की दुर्घटना में मौत, मुआवजे की मांग को ले सड़क जाम

- ग्रामीणों ने दी परिजनों को सूचना, पुलिस ने हालात को किया काबू

**केटी न्यूज/आरा**





जिले के सहार थाना क्षेत्र के ननउर गांव के समीप आरा-अरवल मार्ग पर शुक्रवार की दोपहर अज्ञात वाहन ने खेत पटाने जा रहे एक युवक को रौंद दिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक ननउर गांव निवासी चितनंदन सिंह का 30 वर्षीय बेटा बाल्मीकि सिंह था। जो गांव पर ही रहकर खेतीबाड़ी करता था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने परिजनों और पुलिस को मामले की सूचना दी। जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद ग्रामीणों ने परिजनों को उसका कर सड़क जाम कर दिया और बहच सड़क पर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे लगाए और मृतकों के परिवार को मुआवजे की देने की मांग की। जिसे लेकर घटना स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। जब तक स्थानीय पुलिस मौके पहुंचती, तब तक वाहनों की कतार लग गई।

वहीं, मौके पर पहुंचे पुलिस ने लोगों को शांत कराने की कोशिश करने लगी। लेकिन, लोगों का गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा था। लोग मुआवजे की मांग पर डटे रहें। पुलिस ने समझा बुझाकर लोगों के गुस्से को शांत कराया। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। मृत किसान के बेटे निगम कुमार ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर उसके पिता अपने घर से खेत पटाने के लिए जा रहे थे। उसी दौरान ननउर गांव मेन रोड पर विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। जिसके बाद वाहन चालक फरार हो गया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने फोन कर इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। बताया जाता है कि किसान अपने दो भाइयों में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी रानी देवी, पुत्र निगम कुमार और पुत्री शालू कुमारी है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी रानी देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## करंट की चपेट में आने से खेत पटाने गए बुजुर्ग की मौत



**आरा।** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुल्हीनगंज गांव में शुक्रवार की दोपहर करे की चपेट में आने से खेत पटाने गए एक बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुल्हीनगंज गांव निवासी स्व.सभा नंद सिंह का 63 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार सिन्हा एवं किसान थे। इधर मृतक के भतीजे आलोक कुमार वर्मा ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर वह खेत पटाने गए थे। खेत पटाने के बाद बोरिंग का लाइन काटने जा रहे थे। जहां पहले से बिजली का टूटा पानी में गिरा पड़ा था। जैसे ही वह बोरिंग का लाइन काटने वहां पहुंचे। उसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गए और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कुछ देर बाद वहां मौजूद बगल खेत में स्थानीय लोगों ने देखा तो उन्होंने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। बताया जाता है कि परिवार में पत्नी मीरा देवी दो पुत्री सुमन देवी, रूबी देवी व दों पुत्र दीपक एवं विकास है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद पति पत्नी मीरा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बहला-फुसला कर विक्षिप्त किशोरी के साथ अधेड़ ने किया दुष्कर्म, आरोपित की धुनाई

- मेडिकल जांच और बयान दर्ज कर कार्रवाई में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यलाय से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एक गांव में एक विक्षिप्त किशोरी के साथ दुष्कर्म करने मामला सामने आया है। गांव के ही एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों की ओर से अधेड़ की जमकर धुनाई कर दी गयी। उसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया गया। वह उसी गांव का रहने वाला वकील चंद्र है?। पुलिस मेडिकल जांच और बयान दर्ज कराने के बाद आगे कुछ कार्रवाई में जुटी है। इस मामले में पीड़ित की भाभी के बयान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पीड़िता की भाभी ने बताया कि उसकी ननद दिमागी रूप विक्षिप्त है। उसके घर से कुछ दूर एक मढ़ई है। उसकी ननद के विक्षिप्त होने का फायदा उठाकर आरोपि द्वारा उसे खाने-पीने की चीजे दिखा बहला-फुसलाकर उसी मड़ई में ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। तभी वह वहां पर पहुंच गई और उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। उसके बाद उसने शोर मचाया तो घर के अन्य लोग भी पहुंच गये और जमकर पिटाई कर दी गयी। उसके बाद उसके द्वारा स्थानीय थाना में शिकायत की गयी। उसके बाद पुलिस ने वकील चंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## संदेहास्पद स्थिति में अधेड़ की मौत, हत्या का आरोप

**केटी न्यूज/आरा**





जिले के सहार थाना क्षेत्र के नाढी गांव में शुक्रवार की सुबह संदेहास्पद स्थिति में एक बुजुर्ग की मौत हो गयी। उनका शव कुम्हरा बागीचे में पड़ा था। साथ ही, उनके गले पर खरोंच के निशान और प्राइवेट पार्ट से खून बह रहा था। उसके कारण परिजन उनकी हत्या की आशंका जता रहे हैं। मृतक नाढी गांव वार्ड नंबर 5 निवासी शिव प्रसन्न चौधरी थे। जो पेशे से किसान थे। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरातफरी मची रही।

सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया गया। किसान के छोटे बेटे गुड्डू ने बताया कि वह शुक्रवार की मध्यरात्रि करीब ढाई बजे घर से बधार की ओर निकले थे। उसके बाद वह घर वापस नहीं लौटे। शुक्रवार की अहले सुबह करीब पांच बजे उन्हें सूचना मिली के उसके पिता गांव में स्थित कुम्हरा बगीचा में मृत अवस्था में पड़े हैं। सूचना मिलने पर वे लोग घटनास्थल पर पहुंचे, तो देखा कि उनकी मृत्यु हो गई है। उनके गले पर छिलाने का निशान और प्राइवेट पार्ट से खून बहने के कारण किसी के द्वारा उन्हें मारने की आशंका जताई है। हालांकि परिजनों द्वारा किसी भी व्यक्ति पर किसी प्रकार की आशंका या आरोप नहीं लगाया है। वही पुलिस की मृत्यु समीक्षा में बुजुर्ग की मौत का कारण अस्पष्ट बताया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। उनके परिवार में पत्नी इंद्रावती देवी, तीन बेटी धनिता देवी,मिला देवी रूबी देवी, पुत्र राजू एवं गुड्डू है।

### बच्चों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध व उनके संरक्षण को ले विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# बच्चों के साथ अभिभावकों का मैत्रीपूर्ण व्यवहार जरूरी: जिला जज

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार राज्य संपोषित कन्या उच्च विद्यालय में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के अंतर्गत संचालित योजना बच्चों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध एवं उनके संरक्षण के संबंध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों के साथ माता-पिता अभिभावक को मैत्रीपूर्ण व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने प्राधिकार के संकल्प को सभी बच्चों को विस्तार से बताने को भी कहा और प्रतिस्पर्धा का वातावरण तैयार करें। बच्चे देश के भविष्य हैं। वहीं, विधि विशेषज्ञ पैनल अधिवक्ता रीता कुमारी सक्सेना ने उपस्थित छात्राओं को बच्चों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध एवं उनके संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चे हमारे देश के अनमोल रत्न हैं। इन्हें जिस रूप में अभी हम ढाल सकते हैं उसी रूप में ये ढलेंगे इनके साथ मधुर वातावरण में बातचीत के माध्यम से दोस्ताना संबंध बनाकर इनका विकास और प्रगति कर सकते हैं। बच्चों पर किसी भी प्रकार की क्रूरता अथवा दंडात्मक व्यवहार नहीं होना चाहिए। इसके संरक्षण व बचाव के लिए हमें सतत प्रयास करना चाहिए।

**सकारात्मक वातावरण को बनाकर ही आगे बढ़ सकते हैं :** रीता कुमारी सक्सेना ने कहा कि कानून में इनके संरक्षण के लिए काफी संवैधानिक रूप से प्रबंध किया गया है। केवल कानून के माध्यम से हम इसका संरक्षण नहीं कर सकते हैं। सकारात्मक वातावरण को बनाकर ही आगे बढ़ सकते हैं। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार बच्चों के संरक्षण हेतु विशेष योजनाओं का क्रियान्वयन प्राधिकार के विधिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से कराती है। इनके लिए कई प्रकार की सुविधाओं का उल्लेख किया गया है, जिसका क्रियान्वयन करना और कराना हम सभी का दायित्व है। पारा विधिक स्वयंसेवक प्रतिमा कुमारी ने भी कहा हम बच्चों का भी दायित्व है कि माता-पिता अभिभावक के अनुमति बिना कोई भी कार्य नहीं करें। गलत कार्यों से जीवन नष्ट हो जाती है। और गलत कार्यों से हमको बचना चाहिए। गलत आचरण व्यवहार कार्यों से जीवन के संकल्पित सपना अधूरा रह जाती है।

**माता-पिता व स्थानीय जनों को भी बताएं :** विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका पूनम कुमारी ने भी बच्चों को कहा कि प्राधिकार के माध्यम से जिन बातों को बताया गया है, यह जीवन का दिनचर्या के रूप में प्रयोग करें और अपने माता-पिता व स्थानीय जनों को भी बताएं। तभी आप सफल और प्रतिभाशाली बन सकती हैं। ये बातें आपके जीवन के सपने को साकार कर सकती हैं। प्राधिकार सचिव अजय कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि जिला जज जागरूकता के प्रति विशेष रुप से बच्चों के जागरूकता के प्रति काफी गंभीर हैं।

## एक नजर

### जनता दरबार में 85 फरियादियों ने लगाई गुहार



**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के आमजनों के परिवादों को सुना गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को उक्त परिवादों के निष्पादन हेतु आवश्यक निदेश दिया। जिलाधिकारी के जनता दरबार मे लगभग 85 परिवाद प्राप्त हुए। जिनमें भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत विभाग, धान अधिप्राप्ति, आईसीडीएस सहित अन्य कार्यालयों से संबंधित थे। परिवादियों की समस्याओं को सुना गया एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार में आए सभी मामलों को विशेष रुप से ध्यान देते हुए ससमय निष्पादन करने का निर्देश सम्बंधित पदाधिकारियों को दिया गया। जनता दरबार में प्राप्त परिवाद संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया एवं कुछ मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को दूरभाष पर सूचित करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। वैसे मामले जो लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत आते हैं उन्हें सुनवाई हेतु पंजीकृत किया गया और ऐसे मामले जो इसके अंतर्गत नहीं है उन पर कार्रवाई करते हुए, संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन करने एवं प्रतिवेदन भेजने के लिए निर्देशित किया गया।

### बाल श्रमिकों को मुक्त कराने के लिए चला अभियान



**जहानाबाद।** बाल श्रम के विरूद्ध विशेष अभियान के तहत धावा दल के द्वारा एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया। बाल श्रम के विरूद्ध विषेष अभियान के तहत बाल श्रमिकों के विमुक्ति के लिए नगर क्षेत्र, जहानाबाद के विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में श्रम अधीक्षक, जहानाबाद के निर्देश पर संयुक्त धावा दल के द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। धावा दल के द्वारा काको रोड स्थित ओम सांई वृन्दावन स्वीट्स फुड एवं चाट कॉनर से एक बाल श्रमिक जो मधुबनी जिला से संबंधित है, उसे विमुक्त कराया गया। विमुक्त बाल श्रमिक को बाल कल्याण समिति के समक्ष उपस्थित कर निदेर्शानुसार उन्हें बाल गृह में रखा जाएगा। श्रम अधीक्षक शशि शेखर ने बताया कि बाल श्रमिकों से किसी भी दुकान या प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 के अन्तर्गत गैर कानूनी है। बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार से लेकर 50 हजार तक जुमार्ना और दो वर्षो तक के कारावास का प्रावधान है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में नियोजकों से 20 हजार प्रति बाल श्रमिक की दर से अलग से राशि की वसूली की जायेगी। श्रम अधीक्षक ने बताया कि धावा दल नियमित रूप से प्रत्येक सप्ताह विशेष अभियान के तहत जिले के सभी दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में सघन जाँच करेगी तथा जिले को बाल श्रम के अभिशाप से मुक्त कराने के लिए कृत संकल्प है।

### नाबालिग का अपहरण कर बेचने वाला गिरफ्तार

**जहानाबाद।** टेहटा ओपी की पुलिस ने पटना रेलवे स्टेशन से नाबालिग युवती को अपहरण कर बिहार से हरियाणा लेजकर बेचने का आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जानकारी देते हुए ओपी अध्यक्ष पप्पू कुमार राकेश ने बताया कि पिछले साल ओपी क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिक बच्ची अपने पिता के डॉट फटकार के डर से टेहटा से ट्रेन में बैठकर पटना चली गई थी, जिसे वहां से कुछ लोगों द्वारा अपहरण कर हरियाणा ले जाकर बेच दिया गया था। जिसके बाद पुलिस ने हरियाणा से नाबालिग बच्ची को बरामद कर घर लाया। साथ ही अपहरण से जुड़े कई लोगों की गिरफ्तारी की गई। जिसमें कई लोगों को जेल भेजा गया था। उसी कांड का एक अभियुक्त संजय कुमार उर्फ संतोष फरार चल रहा था। गुप्त सूचना मिली कि अभियुक्त पटना स्टेशन पर पानी बेचने का काम किया करता है। जिसके बाद टेहटा ओपी अध्यक्ष ने टीम गठित कर पटना जंक्शन से मधुबनी जिला निवासी संजय कुमार उर्फ संतोष को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि संजय कुमार वर्तमान में पटना स्थित राजा पुल के समीप किराए के मकान में रहता है और पटना जंक्शन पर पानी और चाय बेचने का काम करता है। नाबालिग व किशोरियों को स्टेशन पर भटके हुई ये लोग उन्हें अपने जाल में फंसा कर किसी दूसरे राज्य में ले जाकर बेच दिया करता हैं। गिरफ्तार व्यक्ति से पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया है।

### चंद्र भूषण कुमार एवं श्लोक कुमार छात्र राजद के प्रदेश महासचिव मनोनीत

**अरवल।** राष्ट्रीय जनता दल छात्र राजद के प्रदेश अध्यक्ष गगन यादव के द्वारा पार्टी के प्रति सच्ची निष्ठा एवं छात्र हित के लिए किए गए संघर्ष को देखते हुए जिले के चंद्र भूषण कुमार एवं श्लोक कुमार को छात्र राजद के प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया। दोनों मनोनीत छात्र नेताओं ने पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए कहा कि राजद छात्र नौजवानों मजदूर किसानों महिलाओं की हक और अधिकार की बात करती है। छात्र हित की रक्षा के लिए हमेशा पार्टी सबसे आगे खड़े होकर आवाज उठाते रहे हैं। वर्तमान में महागठबंधन की सरकार छात्रों की छोटी सी छोटी समस्या को गंभीरता से सुनती और उसके समाधान करने का प्रयास कर रही है। मौके पर सैकड़ों छात्र नौजवान ने नए पदाधिकारियों के गठन को सराहा और हर्ष व्यक्त किया। जिसमे पंचायती राज प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रविंदर कनौजिया, बादल कुमार नीतीश कुमार सोनू कुमार, आदित्य कुमार, छात्र नेता रवि रंजन कुमार, नवल नीत, सोनू कुमार एवं विकाश कुमार उर्फ विक्की ने फूल माला पहनाकर एवं एक दूसरे को मुंह मीठा कराते हुए बधाई दी। सभी नेताओं ने आशा व्यक्त किया है की दोनों युवा नेता को हाथ राजद के प्रदेश महासचिव बनाने से पार्टी और मजबूत होगी।

## खबरें फटाफट

### 460 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**राजपुर।** राजपुर थाना क्षेत्र के सोनपा गांव में गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में श्यामसुंदर गुप्ता के घर से 460 ग्राम गांजा बरामद की किया गया है। पुलिस ने गांजा बरामद करने के साथ ही श्यामसुंदर को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार श्यामसुंदर गुप्ता पिछले कई महीनों से चोरी-छिपे गांजा बेच रहे थे। इस नशे की गिरफ्त में कई दर्जन युवा पीढ़ी शिकार हो चुके हैं। जिसको लेकर कई बार गुप्त सूचना के आधार पर गांव में सर्च अभियान चलाया गया था। फिर ही सफलता नहीं मिली थी। इस बार सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष युसूफ अंसारी के नेतृत्व में गठित टीम का नेतृत्व कर रहे एसआई नथुनी पासवान एवं पुलिस बल के जवानों ने घेराबंदी कर इसके घर में सर्च अभियान चलाया। इसमें गांजा बरामद किया गया।

### किशोरी से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरूवार की शाम एक युवक ने गांव की ही एक किशोरी के साथ छेड़खानी की थी। उसके पिता की शिकायत पर स्थानीय पुलिस ने पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज क युवक की तलाश शुरू कर दी थी। शुक्रवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार गुरूवार की शाम किशोरी किसी काम से घर से बाहर निकली थी। इसी दौरान आरोपी उसका हाथ पकड़ छेड़खानी करने लगा। किशोरी के शोरगुल मचाए जाने से जब ग्रामीण जुटे तो वह भाग खड़ा हुआ। हालांकि इस घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर ही आरोपी को पकड़ जेल भेज दिया है।

### प्रेमी संग फरार हुई दो बच्चों की मां

**सिमरी।** सिमरी थाना क्षेत्र के चांदपाली गांव से एक विवाहिता अपने प्रेमी संग फरार हो गई है। इस मामले में उसके पति पप्पू हज्जाम ने सिमरी थाने में मामला दर्ज कराते हुए बताया है कि उसकी पत्नी को अज्ञात लोग बहला फुसलाकर ले भागे है। बता दें कि पप्पू के दो बच्चे भी हैं।

# बिना वैध चालान के यूपी जा रहे बालू लदे 45 ट्रकों को बक्सर प्रशासन ने पकड़ा

**कार्रवाई**

- 22 पर एफआईआर, ट्रांसपोर्टरों ने जताया विरोध
- बक्सर से भरौली के बीच गंगा नदी पर बने नये पुल पर सख्ती से हो रही जांच





**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर से भरौली के बीच गंगा नदी पर बने नये पुल के उद्घाटन के साथ ही बड़े वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है। वहीं इसके साथ ही बक्सर प्रशासन अब पहले से कहीं अधिक चौकन्नी हो गई है। इसी कड़ी में गुरुवार की देर रात पुलिस ने सख्ती बरतते हुए उत्तर प्रदेश जानेवाले 45 बालू लदे ट्रकों को पकड़ा है। बिहार से बालू लेकर उत्तर प्रदेश जाने के लिए इन ट्रकों को वैध चालान नहीं दिया गया था। ऐसे में पुलिस ने इस मामले में सख्ती बरतते हुए ट्रकों को जब्त करते हुए 22 ट्रक मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई से ट्रांसपोटर्स और ट्रक चालकों में हड़कंप मच गया। शुक्रवार की रात भी पुलिस अभियान चलाती रही। बक्सर के जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल, एसपी मनीष कुमार टीम के साथ जांच करने पहुंचे थे।

मिली जानकारी के मुताबिक बिहार से लाल बालू को लेकर ट्रक चालक बक्सर के गंगा पुल से बलिया और गाजीपुर ले जाने लगे। खनन विभाग व प्रशासन के द्वारा पुलिस के साथ मिलकर गंगा ब्रिज पहुंचकर जाच शुरू कर दिया। बालू लेकर यूपी जा रहे एक एक कर प्रशासन ने 45 ट्रक को पकड़ लिया। प्रशासनिक की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही ट्रांसपोर्टर मौके पर पहुचे और अपने अपने ट्रक को छुड़ाने को लेकर दलील देने लगे। लेकिन, प्रशासन की टीम ने किसी की एक न सुनी। जब्त ट्रक को सीज करते हुए बाजार समिति कैम्पस में लगा दिया। इस संबंध में वाहन मालिक अभिमन्यु सिंह ने कहा कि पूरे बालू के लिए बिहार में केवल इसी राज्य का चालान मिल रहा है। जैसे सारण से माझी बार्डर, सिवान से गुठनी बार्डर है। नौबतपुर बार्डर है। उसके बाद जैसे ही हमलोग यूपी में प्रवेश करते हैं यूपी सरकार के टैक्स एसटीपी कटाते हैं। उससे इससे बिहार पुलिस व प्रशासन को क्या लेना है। हमारा चालान बक्सर तक वैलिड है। गाड़ी ओवरलोड नहीं है सब कुछ जांच हुआ है, जिसमें सही पाया गया। आप अगर यूपी नहीं जाने देना चाहते हैं तो हमारी गाड़ी लौटा दें हम बक्सर में बालू गिराकर चले जाएगें। वहीं सीनियर डिप्टी कलक्टर श्रेयांस तिवारी ने कहा कि 45 गाडियां पकड़ी गई हैं। जो यूपी की तरफ जा रही थी। उन्हें बक्सर बॉर्डर पर पकड़ा गया। 22 ट्रक पर एफआईआर किया गया है। ट्रक चालक भाग गए हैं।

### क्या कहते हैं ट्रांसपोर्टर

इस संबंध में आरके ट्रांसपोर्ट के मालिक कुणाल राय ने कहा कि इस पुल के चालू होने के पहले वे लोग नौबतपुर से कैमूर के रास्ते यूपी जाते थे। तब वहां की पुलिस कप्तान व डीएम ने कहा था कि माइनिंग चलान व परिवहन मानकों पर खरे उतरने वाले ट्रकों को यूपी जाने दिया जाएगा। लेकिन उस तरफ से जाने में 200 से 300 किलोमीटर की अधिक दूरी तय करनी पड़ती थी। कुणाल ने कहा कि इस पुल के चालू होने के बाद ट्रांसपोर्टरों को लगा था कि अब यूपी जाना आसान होगा। लेकिन मानक पर खरा उतरने के बावजूद बक्सर प्रशासन का अड़ियल रवैया से ट्रांसपोर्टरों में आक्रोश है।

## आरा मोहनिया हाइवे पर अमरावती सोनवर्षा के पास हुआ सड़क हादसा

# मैजिक वाहन व बाइक के बीच सीधी टक्कर में दो मौसेरे भाईयों की मौत

- रोहतास व कैमूर के रहने वाले है दोनों
- एक की घटनास्थल पर तो दूसरे की अस्पताल ले जाने के क्रम में हुई मौत

**केटी न्यूज/नावानगर**

आरा-मोहनिया हाईवे स्थित अमरावती टीवीएस सोनवर्षा के पास मैजिक वाहन व बाइक की आमने सामने की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों को गंभीर चोटें आईं जिनमें एक की घटना स्थल पर ही जबकि दूसरे की अस्पताल ले जाने के दौरान मौत हो गई। मृतकों की पहचान रोहतास जिला अंतर्गत चेनारी थाना के स्थानीय गांव के राजू आलम के 27 वर्षीय पुत्र नईम आलम व कैमूर जिला के सोनहन थाना अंतर्गत कैथी गांव के निजामुद्दीन के 25 वर्षीय पुत्र साबिर आलम के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में मौसेरे भाई थे।

घटना शुक्रवार की सुबह साढे आठ बजे की है। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद मैजिक वाहन चालक अपना वाहन छोड़ फरार हो गया। जिसे पुलिस ने जब्त कर ओपी ले आए। बताया जाता है कि बाइक सवार दोनों युवक नईम आलम एवं साबिर आलम अपने गांव से आरा जा रहे थे। तभी सोनवर्षा ओवरब्रिज पुल से सट्टे टूटी डिवाइडर के पास से सड़क क्रास करने के दौरान दोनों तेज रफ्तार



मैजिक वाहन चालक अचानक वाहन को टर्न करने लगा। जिससे बाइक एवं मैजिक वाहन में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक उछलते हुए सड़क पर गिर पड़े। जिससे एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसका प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक स्थिति में पटना भेजा गया। लेकिन रास्ते में ही घायल युवक ने दम तोड़ दिया। इस संबंध में सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि दोनों मृतक के परिजन पहुंच गए हैं तथा शवों को पोस्टमार्टम के लिए बक्सर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इधर घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

### डिवाइडर टूटने से आए दिन होती है दुर्घटनाएं

सोनवर्षा ओवरब्रिज के पास टूटी डिवाइडर से आए दिन बाइक से लेकर छोटी वाहनें सड़क पार करते रहते हैं। जिससे हमेशा दुर्घटनाएं होती रहती है। जबकि महज 500 मीटर पर ओवरब्रिज पुल है। बावजूद लोग जल्दीबाजी में पुल के नीचे से सड़क पार करने के बजाय चंद सेकेंड समय बचाने के चक्कर में बाइक एवं छोटी वाहन चालक जान जोखिम में डालकर टूटी डिवाइडर से ही रोड क्रास करते रहते हैं। शुक्रवार को भी ऐसे ही मैजिक वाहन चालक द्वारा जल्दबाजी के चक्कर में दो युवकों की जान चली गई।

### बैठक में डिवाइडर मरम्मत का उठते रहा है मुद्दा

सोनवर्षा ओपी में जब कभी भी शांति समिति की बैठक होती है, उसमें टूटी डिवाइडर का मुद्दा उठता रहता है। बैठक में हमेशा जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवी लोग पुलिस तथा प्रशासन से टूटी डिवाइडर को दुरुस्त करने की दिशा में पहल करने की मांग करते थे। पर आज तक उक्त स्थान की स्थिति ज्यों कि त्यों है। जिस कारण यहा अक्सर दुर्घटनाएं होते रहती है। इस घटना के बाद लोग यह कहते देखे गए कि शायद डिवाइडर का मरम्मत हो गया रहता तो युवकों की जान नहीं जाती।

**टूटी डिवाइडर की मरम्मत नहीं होने पर ग्रामीणों में नाराजगी:** शुक्रवार को टूटे डिवाइडर के पास दुर्घटना में दो युवकों की मौत के बाद ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों ने पुलिस के समक्ष अल्टीमेटम देते हुए कहा कि जल्द इसकी मरम्मत नहीं हुई तो वे इसके विरुद्ध सड़क पर उतरेंगे। ग्रामीणों ने कहा एनएचएआई द्वारा फोरलेन निर्माण के दौरान इस डिवाइडर को बनाया गया था। लेकिन उसी समय अज्ञात वाहन के धक्के से डिवाइडर टूट गया था। उसके बाद एनएचएआई के अधिकारी इस ओर तनीक भी ध्यान नहीं दिये। लिहाजा यह टूटा डिवाइडर दुर्घटनाओं का कारण बन गया है। इस घटना के बाद लोगों में एनएचएआई के प्रति गहरी नाराजगी है।

## नया भोजपुर सब्जी मंडी में आग लगने से तीन दुकानें जलकर राख



**केटी न्यूज/डुमरांव**

शुक्रवार को दोपहर नया भोजपुर सब्जी मंडी में अचानक आग लग गई। जबतक लोग कुछ समझ पाते तथा आग पर काबू पाने का प्रयास करते तबतक आग विकराल हो चुकी थी। मंडी से आग की लपटे उठने लगी तथा एक दुकान से शुरू हुई आग ने देखते ही देखते तीन दुकानों को अपने चपेट में ले लिया। ग्रामीणों की सूचना पर तत्काल पहुंची फायर बिग्रेड की दो वाहनों ने करीब घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

अगलगी की इस घटना में तीन सब्जी व्यवसायियों के नगदी समेत छह लाख से अधिक की संपति जली है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया। आशंका जताई जा रही है कि सॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी है। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब दो बजे मंडी के पूर्वी दक्षिणी छोर के दुकान में अचान आग लगी। इस घटना में नया भोजपुरी निवासी थोक सब्जी व्यवसायी राकेश तुरहा पिता मुनजी तुरहा, धर्मेन्द्र तुरहा पिता ललन तुरहा तथा प्रभुनाथ तुरहा की दुकानें समेत संपति जली है। सबसे अधिक नुकसान राकेश तुरहा को पहुंचा है। बताया जाता है कि शुक्रवार को सब्जी की बिक्री का लाखों रूपए उसके गल्ला में था जो जल गया है। तीनों दुकानों में नगदी के अलावे कैरेट, इलेक्ट्रानिक तराजू, बैट्री, पंखा, चौकी, सब्जी तथा कई अन्य सामान जल गए हैं।

स्थानीय निवासी सह सामाजिक कार्यकर्ता शंकर साह ने बताया कि अगलगी की जानकारी मिलते ही वे तत्काल डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज को जानकारी दिए। एसडीएम द्वारा मौके पर अग्निशामन की दो गाड़ियां भेजी गई। जिससे आग पर तत्काल काबू पाया जा सका। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित दुकानदार नुकसान का आंकलन कर एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी कर रहे थे। इस घटना के दौरान एनएच 922 पर वाहनों का परिचालन थम गया था।

## अनुकंपा पर नियुक्ति की मांग को लेकर आश्रितों का बक्सर में अनिश्चितकालीन धरना जारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

शिक्षकों की मृत्यु के उपरांत आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर अब तक रोजगार प्राप्त नहीं होने के कारण धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शिक्षकों के आश्रितों ने विभागीय दौड़ लगाने के बाद थक हार कर यह निर्णय लिया है। धरना कार्यक्रम का आयोजन अनुकंपा शिक्षक संघ जिला इकाई द्वारा कवलदह पोखर परिसर में पिछले चार दिनों से जारी है। जिसमें शिक्षकों ने मांग की है कि 50 प्रतिशत अनुकंपा के आधार पर बहाली की जाए तथा 50 प्रतिशत जनरल पर बहाली की जाए।

अनुकंपा शिक्षक संघ के शिक्षकों ने बताया कि उच्च न्यायालय से अनुकंपा के आधार पर शिक्षकों की मृत्यु के उपरांत आश्रित को रोजगार देने का आदेश दिया गया है। इसके बावजूद अब तक आश्रितों को रोजगार प्राप्त नहीं हो सका है। जिससे उनका आर्थिक स्थिति भी काफी



खराब हो गई है। धरना पर बैठे आश्रितों ने बताया कि बक्सर जिले में लगभग 100 ऐसे अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति की प्रक्रिया में लोग शामिल है। जिसमें 50 प्रतिशत सीट पर बहाली करनी है। जिले में 50 प्रतिशत सीट पर आश्रितों से शिक्षकों की मृत्यु के उपरांत आवेदन लिया गया है। 50 प्रतिशत सीट पर 29 लोगों का आवेदन लिया गया। लेकिन प्रक्रिया इतनी धीमी है कि डीईओ और डीपीओ से अनुशंसा कराने में ही 2 साल का समय लग गया है।

## कोरानसराय से रहस्यमय ढंग से गायब महिला के पति ने दर्ज कराया अपहरण का मामला

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरान सराय थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव से 21 अप्रैल को रहस्यमय ढंग से गायब सुरेश साह की पत्नी सूर्यकुमारी देवी का अबतक पता नहीं चल सका है। हालांकि शुक्रवार को इस मामले में नया मोड़ आ गया। सुरेश साह ने इस मामले लें रोहतास जिला के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के भलुआही गांव निवासी नंदजी राम पर अपनी पत्नी का अपहरण का अरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार 21 अप्रैल को सूर्यकुमारी देवी के गायब होने के बाद परिजन गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराए थे। इसी दौरान उन्हें पता चला कि वह मुरार थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव निवासी सुपत राम के घर देखी गई है। जिसके बाद परिजन उसका पता लगाते हुए वीरपुर पहुंचे। सुपत ने उन्हें बताया कि वह भटकते हुए उसके यहा आई थी। उसे अपने एक करीबी रोहतास जिले बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के भलुआही निवासी नंदजी के वाहन पर बैठा उसे कोरानसराय उतारने की बात कह भेज दिया था। इसके बाद जब परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने नंदजी से पूछताछ किया तो उसने महिला को वीरपुर से अपने साथ भलुआही लाने की बात स्वीकारा तथा बताया कि अगले दिन वह कही चली गई। इसके बाद परिजनों ने नंदजी के खिलाफ सूर्यकुमारी के अपहरण का आरोप लगाया हैं। परिजनों ने आशंका जताई है कि कही वह ह्यूमन टैजफिकिंग की शिकार तो नहीं हो गई है। इधर एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपी के गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा



**बक्सर।** पति की लंबी उम्र की कामना के लिए जिले में विवाहित महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा की। साथ ही, उन्होंने वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए रक्षा सूत्र बांधा।

### केंद्रीय मंत्री के हाथों सम्मानित हुए डॉ संजय

**बक्सर।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित जिला युवा उत्सव कार्यक्रम में बक्सर सांसद सह केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे एवं नेहरू युवा केंद्र, बक्सर के जिला युवा अधिकारी सागर महेश्वरी ने एम पी हाई स्कूल के विश्वामित्र सभागार में सम्मान प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किए। यह सम्मान उन्हें सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने तथा युवा उत्सव कार्यक्रम में सहयोग के तहत पंच प्रण कार्यक्रम में सहयोग के लिए दिया गया। डॉ संजय सिंह को कई



विधायक और अन्य मंत्रियों ने भी इन्हें सम्मानित कर चुके हैं उन्होंने बताया कि यह सम्मान हमें नहीं बल्कि उन सभी सहयोग प्रेमियों को जाता है जिन्होंने यह कार्य करने में मुझे सहयोग करते हैं। उन्होंने अपने माता-पिता, परिवार तथा अपने सहयोगियों को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने मुझे प्रेरित करते हैं। आगे भी मैं समाज सेवा और योग को बढ़ाने का कार्य करता रहूंगा। सागर महेश्वरी ने यह सम्मान देते हुए कहे कि इनका योगदान नेहरू युवा केंद्र के प्रति हमेशा रहता है डॉ सिंह अच्छे समाजसेवी एवं भूगोल के प्रवक्ता है. प्रोफेसर राम विनय विमलेश कुमार सिंह देवराजी साह,गणेश कुमार, दीपक कुमार, सुधीर कुमार, रंजना कुमारी, इंटर कॉलेज डुमरांव की प्राचार्य सुमन चतुर्वेदी के अलावा समस्त सदस्य साहित अन्य नगर वासियों ने उन्हें धन्यवाद तथा बधाई दिए।

## जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के कार्यों का हरिकिशुनपुर में किया गया निरीक्षण

# मृदा की उर्वरा शक्ति के सुधार के लिए दलहनी फसलें लगाएं किसान

**केटी न्यूज/बक्सर**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर पटना की 19वीं अनुसंधान सलाहकार समिति ने शुक्रवार को कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा जिले में किए जा रहे कृषि कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम में समिति के अध्यक्ष सह नई दिल्ली के पूर्व उपमहानिदेशक कृषि प्रसार डॉ. केडी कोकाटे, पूर्व सहायक महानिदेशक (मत्स्य), डॉ. एसडी सिंह, डॉ. मसूद अली, पूर्व निदेशक (भारतीय दलहन अनुसंधान केन्द्र, कानपुर), पूर्व अध्यक्ष (अनुसंधान केन्द्र, रांची) डॉ. एस कुमार समेत डॉ.



उज्वल कुमार तथा डॉ कमल शर्मा शामिल रहे। उन्होंने दलसागर तथा हरिकिशुनपुर मे केन्द्र द्वारा चलाई जा रही जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान हरिकिशुनपुर गांव में एक दिवसीय कृषक-वैज्ञानिक-वातार्लाप कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

### किसानों को दिए गए मोटे अनाज के बीज

कृषि प्रसार डॉ. केडी कोकाटे ने किसानों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिले की मिट्टी में उन्नत तकनीकियों का समावेश करके फसलों की उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है। फसल चक्र में दलहनी फसलों का समावेश करके मृदा की उर्वरा शक्ति में सुधार किया जा सकता है तथा भूमि समतलीकरण के द्वारा जल की बचत कर सकते हैं। किसानों के बीच प्रसार के लिए मोटे अनाज सांवा तथा मडूआ के बीज वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में 40 से अधिक प्रगतिशील किसान बंधुओं ने भाग लिया। जिनमें कमलेश्वर सिंह, बुच्चन यादव, दीपू कुमार, जमुना यादव आदि ने भाग लिया। किसानों के प्रक्षेत्र के भ्रमण उपरांत समिति द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों के साथ एक बैठक का भी आयोजन हुआ। जिसमें नवीन तकनीकियों को किसानों तक ज्यादा से ज्यादा पहुंचाने तथा किसानों के क्षमता विकास के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रशिक्षिण आयोजित करने का सुझाव दिया गया। इस उपलक्ष्य पर उपस्थित शहद उत्पादक प्रगतिशील किसान मनोज कुमार को समिति के अध्यक्ष द्वारा कृषि कार्यो के लिए सराहना करते हुए सम्मानित किया।

केन्द्र के प्रक्षेत्र भ्रमण में समेकित कृषि प्रणाली मॉडल, बीज प्रसंस्करण इकाई, जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम की प्रदर्शन इकाई, प्राकृतिक खेती, केंचुआ खाद उत्पादन इकाई, जैविक खेती आदि का भ्रमण उपरांत बताया कि इन तकनीकियों को किसानों तक पहुंचाने के लिए तकनीकी सप्ताह का समय-समय पर आयोजन कर किसानो को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्रमुख हरिगोबिंद, विशेषज्ञ डॉ. देवकरन, रामकेवल, डॉ. मान्धाता सिंह, आरिफ परवेज, राकेश मणि, रवि चटर्जी, राजेश कुमार राय, सरफराज अहमद खान ने सहयोग किया।

## खबरें फटाफट

### जिलाधिकारी ने पोखरे का लिया जायजा

**बलिया।** भीषण गर्मी से ना केवल इंसान बल्कि पशु पक्षी और जलीय जीव भी परेशान है, हाल ही में श्री छितेश्वरनाथ धाम परिसर के पोखरे में चाइनीज गोल्डन और ग्रीन ग्रॉस कटर नाम की हजारों मछलियां मौत के गाल में समा गईं। इसकी सूचना मिलते ही शुक्रवार को बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के छितौनी गांव स्थित श्री छितेश्वरनाथ धाम पर जिलाधिकारी रवींद्र कुमार पहुंचे। डीएम ने पोखरे का जायजा लिया। डीएम को स्थानीय लोगों ने बताया कि पोखरे का पानी कम होने और गर्मी पड़ने के कारण मछलियां मर गईं। जिलाधिकारी ने इसकी जांच करने का निर्देश मत्स्य विभाग को दिया। उन्होंने कहा कि मत्स्य विभाग पोखरे के पानी और मछलियों की जांच करके बताएं कि मछलियों की मृत्यु कैसे हुई। कहा कि पोखरे में पुनः पानी भरकर उसमें मछलियां छोड़ने की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर एसडीएम बांसडीह और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### आज बलिया आएंगे अखिलेश यादव

**बलिया।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 20 मई दिन शनिवार को बलिया आएंगे। वे दिन में ढाई बजे समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी के रसड़ा क्षेत्र स्थित खड़सरा अजीजपुर पहुंचकर ?अरविंद गिरी के दिवंगत पिता के श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके पश्चात पकड़ी थाना क्षेत्र के ढड़सरा पहुंचकर मृतक छात्रनेता हेमंत यादव के परिजनों से मिलेंगे। इस आशय की जानकारी समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने दी है। उन्होंने बताया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष शोक संवेदना व्यक्त करने आ रहे हैं। ऐसे में कोई भी कार्यकर्ता उनके स्वागत की तैयारियां नहीं करेगा। स्वागत से संबंध में होर्डिंग बैनर नहीं लगाएगा। जिंदाबाद का नारा नहीं लगाएगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

**गाजीपुर।** बिरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत खडरगपुर बिठौरा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के भाई की तरफ से ससुराल पक्ष के सास ससुर और पति के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया गया था। इसके बाद बिरनो पुलिस ने पति निर्मोहन यादव पुत्र चन्द्रिका यादव, ससुर चन्द्रिका यादव पुत्र झंगटू यादव, सास गंगाजली देवी पत्नी चन्द्रिका यादव को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। इस मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजेश बहादुर सिंह ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# सख्तीः ऑपरेशन में मौत के बाद पोस्टमार्टम ना कराने के मामले की जांच शुरू

- डिप्टी सीएम के निर्देश पर जांच में पहुंचे एडी हेल्थ
- कार्रवाई की जद से बचने के लिए होती रही कवायद

**केटी न्यूज/बलिया**

बीते दिनों जिला अस्पताल के आपरेशन थियेटर में आपरेशन के दौरान हुई महिला की मौत के बाद पोस्टमार्टम ना कराकर शव देकर भगा देने के मामले में उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर शुक्रवार को अपर स्वास्थ्य निदेशक आजमगढ़ डा. ओमप्रकाश तिवारी बलिया जांच करने के लिए पहुंच गए। इस गंभीर मामले में शुरू हुई जांच के बाद जिला चिकित्सालय के जिम्मेदारों के होश फाख्ता रहे। शनिवार को जांच करने पहुंचे एडी हेल्थ आजमगढ़ ने सीएमओ कार्यालय में बैठकर जिम्मेदारों से बात करने तथा संबंधित दस्तावेज का परीक्षण किया।







मृतका की फाइल फोटो

बताते चलें कि बीते 13 मई को मिश्रपुरा निवासी पुष्पा देवी नाम की महिला की जिला अस्पताल में आपरेशन के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप है कि मौत के बाद चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम कराने के बजाय उन लोगों को डांटकर शव देकर भगा दिया। परिजनों की शिकायत का संज्ञान लेते हुए उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पोस्टमार्टम ना कराए जाने के मामले को गंभीरता से लिया है।

उन्होंने दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की बात खुद अपने ट्वीटर पर ट्वीट किया है। उप मुख्यमंत्री ने इस मामले में एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट भी तलब की है। उप मुख्यमंत्री के इस कड़े रूख के बाद मामले की लीपापोती में लगे जिम्मेदारों के होश शुक्रवार को फाख्ता रहे। वैसे माना जा रहा है कि अगर इस मामले की सघन जांच की जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आएंगे। कइयों के चेहरे बेनकाब हो जाएंगे। कई जिम्मेदार लोगों पर कठोर कार्रवाई भी हो सकती है। जिला चिकित्सालय के सूत्र की मानें तो कार्रवाई की जद में आने से बचने के लिए कई लोग पूरे दिन कसरत करते हुए दिखे। जांच के दौरान सीएमओ डा जयंत कुमार, सीएमएस जिला चिकित्सालय डॉ. दिवाकर सिंह, एसीएमओ डॉ. विजय कुमार, डॉ. संतोष चौधरी, डा. अभिषेक मिश्र सहित कई लोग मौजूद रहे।

### गर्मी को देखते हुए खराब हैंडपंपों को तत्काल बनाने का रखा गया प्रस्ताव

# प्रस्ताव पारितः 11 करोड़ रुपए की लागत से किए जाएंगे विकास कार्य

- बीडीसी की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय, ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह ने की अध्यक्षता
- पेंशन योजना में छूटे हुए पात्र लाभुकों का शामिल किया जाएगा नाम

**केटी न्यूज/बलिया**



जनपद के बेल्थरारोड क्षेत्र पंचायत सीयर की बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को ब्लाक के डवाकरा हाल में संपन्न हुई। जिसमें लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न कार्य योजनाओं का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह ने कहा कि विकास कार्य के लिए मैं नियमित तौर पर ब्लॉक के प्रमुख कक्ष में बैठता हूं। वैसे हमारे दरवाजे 24 घंटे खुले हुए हैं, जब भी मेरी आवश्यकता पड़े मैं सुलभ रहूंगा। उन्होने कहा कि यह समय गर्मी का चल रहा है। जहां प्रत्येक ग्रामों में शुद्ध पेयजल की मांग बढ़ गयी है। लोग पेयजल के लिए परेशान न हों, इसके लिए जनहित को देखते हुए हर-हाल में खराब इंडिया मार्का हैण्ड पम्पों की तत्काल मरम्मत करवा ली जाय। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास की चर्चा करते हुए उन्होने कहा कि कहा कि अपात्रों को नजर अंदाज करते हुए पात्रों की सूची हर हाल में तैयार कर ली जाय, ताकि शासन के निर्देश पर उन्हें आवास सुलभ कराया जा सके। कोई भी पात्र इस आवास योजना से वंचित न रह जाए।

**विकास कार्य को दिया जायेगा अंजाम :** ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में जो भी ग्राम पंचायतें विकास से अछूते रह गयी थी, उन्हे इस वर्ष की वित्तीय कार्य योजना में सम्मिलित करके वहां भी विकास कार्य को अंजाम दिया जायेगा। इसके लिए उन्होंने सभी सदस्यों से प्रस्ताव भी आमंत्रित किया। साथ ही, परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प योजना अन्तर्गत टाइलिंग, चहार दीवारी निर्माण, स्कूल में पठन पाठन हेतु ब्रेंच आदि पर चर्चा कर उसको पूर्ण करने का प्रस्ताव पारित किया गया। पेंशन योजना में जो पात्र छूटे हुए हो, उनके फार्म भरवा कर उन्हें इस योजना का लाभ दिये जाने पर जोर दिया। बैठक में पिछली कार्यवाही को पढ़कर सुनाया गया, जो विना आपत्ति के सर्व सम्मत से पुष्टि की गई। इस बैठक में कृषि विभाग, समाज कल्याण, पंचायतीराज विभाग, मनरेगा, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास, एनआरएलएम योजना पर विस्तार से चर्चा की गयी।

इस बैठक में प्रमुख रुप से खण्ड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार सिंह, सुपरवाईजर बाल विकास नजमा खातून, एडीओ समाज कल्याण इरशाद अहमद, एडीओ पंचायत राजेश कुमार यादव, एडीओ आईएसबी मृत्युंजय कुमार राय, एडीओ एजी ज्ञान प्रसाद, वरिष्ठ सहायक दयाशंकर राय, लेखाकार सुरेश कुमार, कनिष्ठ सहायक संध्या यादव, प्रधान संघ सीयर के अध्यक्ष रामभवन यादव, उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, बीडीसी सदस्यों में सत्यवान यादव, रामजीत, कंचन गोंड, बेद ब्यास तिवारी, जितेश सिंह, अशोक सिंह, अरुण चैहान, सुनील राजभर, ग्राम प्रधानों में विवेक मिश्रा, अक्षय गुप्ता, उमेश चौरसिया, सज्जन पासवान, सेराज अहमद, जितेन्द्र गुप्ता, सोनी खातून, रामाधार राजभर, विजय शंकर राजभर आदि लोग उपस्थित रहे। बैठक का संचालन खण्ड विकास अधिकारी मधुछन्दा सिंह ने किया।

### पेड़ से टकरायी स्कॉर्पियो, एक की मौत

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के रघुवरगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास बीती रात स्कॉर्पियो गाड़ी पेड़ से टकरा गई। जिसमें सवार कुल पांच लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। घायलों में एक की मौके पर ही मौत हो गई तथा चार लोग पूरी तरह से जख्मी हो गए। जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों ने बताया कि सभी लोग करीमुद्दीनपुर थाने के स्थानीय गांव के रहने वाले हैं, जो मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के करमचंदपुर गांव में वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर वहां से वापस लौट रहे थे कि रास्ते में रघुवरगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास चालक के द्वारा गाड़ी से नियंत्रण खो देने से गाड़ी अनियंत्रित हो कर बगल के नीम के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसमें बैठा शिवानंद राम उर्फ सोनू 27 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसमें सवार अन्य चार लोग ओम प्रकाश राम, हरेंद्र राम, श्रीप्रकाश राम, ओंकारनाथ राम बुरी तरह से घायल हो गए। यह सभी लोग करीमद्दीनपुर गांव के रहने वाले थे। घायल लोगों की चीख- पुकार सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। जिन्होंने तत्काल पुलिस को इस दुर्घटना की सूचना दिया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक शिवानंद राम के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक्सीडेंट इतना भयानक की घायल चारों लोगों की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

## सीएमएस सहित सभी 11 चिकित्सकों को नोटिस जारी

**केटी न्यूज/मऊ**

आजमगढ़ मंडल अपर स्वास्थ्य निदेशक डॉ. ओपी तिवारी ने शुक्रवार को सुबह दस बजे महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी चिकित्सकों के चेंबर पर ताला लटका मिला। सीएमएस सहित सभी 11 चिकित्सकों को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके आधार पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

अपर स्वास्थ्य निदेशक डॉक्टर ओपी तिवारी शुक्रवार को अचानक महिला अस्पताल पहुंचे। उनके अस्पताल पहुंचते ही वहां अफरा तफरी मच गई। बाहर काउंटर पर काम करने वाले कर्मचारियों से उन्होंने बात की। इसके बाद वह प्रथम तल पर सीएमएस डा. चंद्रा सिन्हा के चेंबर में गए। वह भी उपस्थित नहीं थी। उपस्थित कर्मचारी से बात करने के साथ वह भूतल पर संचालित ओपीडी कक्ष में गए। वहां पर सभी चिकित्सकों के चेंबर में ताला बंद था। चिकित्सक और अन्य कर्मियों के उपस्थिति रजिस्टर को भी खंगाला और प्रसव के संबंधित पूरे विवरण की गहनता से जांच की। साथ ही प्रसव के लिए आई कुछ महिलाओं से बात की और दवा और उपचार को लेकर पूछताछ की। निरीक्षण के दौरान करीब आधे घंटे बाद सीएमएस डॉ. चंद्रा सिंहा अपने गृह जनपद बलिया से आईं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में स्त्री रोग के लिए एक स्थायी और एनएचआरएम के माध्यम से दो महिला चिकित्सक संविदा पर तैनात है। बाल रोग के लिए चार स्थायी चिकित्सक और एक एनेस्थेटिक है।

## आज व कल फैन पार्क में क्रिकेट प्रेमी देखेंगे लाइव मैच

**केटी न्यूज/गाजीपुर**





पूरे देश में टाटा आईपीएल की दिवानगी चरम पर है। जनपदवासियों को टाटा आईपीएल खेल के स?टेडियम का आनंद अब 20 व 21 मई को स?वामी सहजानंद पीजी कॉलेज में आयोजित टाटा आईपीएल फैन पार्क में मिलेगा। करीब दस हजार लोगों को निःशुल?क सजीव प्रसारण दिखाने के लिए बीसीसीआई द्वारा आयोजित फैन पार्क में व्यावस्था की जा रही है। इस संदर्भ में प्रबंधक एलविन गायकवाड़ ने बताया कि इस बार पूरे देश में बीसीसीआई की तरफ से 45 शहरों में टाटा आईपीएल फैन पार्क आयोजित किए जा रहे हैं। यूपी में तीन शहरों मेरठ, आगरा व गाजीपुर शहर में इसका आयोजन होगा।

गाजीपुर में यह तीसरी बार टाटा आईपीएल फैन पार्क का आयोजन हो रहा है। 20 मई को दिल्ली कैपिटल?स बनाम चेन्नई सुपर किंग और कोलकाता नाइट राईडर्स बनाम लखनऊ सुरप जाइंट्स के बीच मैच होगा। 21 मई को मुंबई इंडियंस बनाम सनराईजर्स हैदराबाद औश्र रायल चैलेंजर बैंगलोर बनाम गुजरात टाईटंस के बीच मैच होगा। डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक व उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अपैक्स कौंसिल के सदस्य तथा टाटा आईपीएल के स्थानीय अधिकृत लाईजनिंग अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि 20 मई से शुरू होने वाले दो दिवसीय फैन पार्क के लिए आयोजन स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मैदान पर तैयारियां जोर-शोर से अपने अंतिम चरण में है।

## एक नजर

### सौभाग्य प्राप्तिः महिलाओं ने की वटवृक्ष की पूजा

**बलिया।** अखंड सौभाग्य प्राप्ति के लिए महिलाओं ने शुक्रवार को वट वृक्ष की पूजा की। बताया जाता है कि जेष्ठ मास के कृष्ण पक्ष अमावस्या के दिन वट वृक्ष की पूजा की जाती है, धार्मिक महत्व के अनुसार वट वृक्ष की छाल में विष्णु, जड़ों में ब्रह्मा और शाखाओं में भगवान शिव का वास होता है। इसकी विशालता एवं दीघार्यु के कारण ही स्त्रियां इसे अखंड सौभाग्य का प्रतीक मानकर जेठ मास की अमावस्या को विशेष पूजा अर्चना करती है। बरगद को शिव के समान मानकर अनेक अवसरों पर पूजा की जाती है। बरगद वृक्ष को जीवनदायिनी के रूप में लोग इसको उपयोग में लाते हैं औषधीय बृक्ष के रूप में बरगद की छाल पत्ते फल जड तना दूध सब कुछ उपयोग होता है। जिससे अनेक प्रकार की औषधियां बनाई जाती है। बरगद 24 घंटा देने वाला बरगद 24 घंटे ऑक्सीजन देने वाला वृक्ष है जिससे 80 प्रतिशत ऑक्सीजन प्राप्त होता है। बरगद की आयु बहुत अधिक होती है और शाखा एवं जटाय स्वतंत्र वृष का रूप लेती जाती है। ऐसे ही कामनाओं के को लेकर महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करती है। ऐसे ही अखंड सौभाग्य बना रहे।



### 21 से 23 मई तक होने वाले अंतर जिला चैंपियनशिप में 150 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**गाजीपुर।** जनपद में 21 से 23 मई तक होने वाले अंतर जिला चैंपियनशिप में 150 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इसमे शाह फैज स्कूल, सनबीम स्कूल, एमजेआरपी स्कूल, माउंट लिटेरा, सेंट्रल पब्लिक स्कूल जमानिया, एस एस देव पब्लिक स्कूल जमानिया, एस एस पब्लिक स्कूल लॉवा, एवरग्रीन पब्लिक स्कूल, डालिम्स स्कूल अहमदाबाद सहित अन्य जनपद के स्कूलों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इसकी जानकारी टेनिस वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव देवेंद्र प्रसाद प्रजापति ने कार्यक्रम का विमोचन करते हुए बताया कि खेल 21 से 23 मई 2023 से सनबीम स्कूल महाराजगंज में अयोजित होगा। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष सरसीज सिंह (विजय स्पोर्ट्स), उपाध्यक्ष विनय सिंह, प्रिंसिपल सेंट्रल पब्लिक स्कूल जमानिया एवं मुकेश कुमार, शानू, अभिषेक तिवारी, आमना ओबैद, अजय कुमार, विकास शर्मा, रंजी कुमार, रमेश कुमार सिंह, राजीव प्रसाद, अभिषेक सिंह, सुनील यादव मौजूद रहे।





### डिजिटल एम्पावरमेंट फाउंडेशन और एसेंचर के सौजन्य से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**गाजीपुर।** जलालाबाद में डिजिटल एम्पावरमेंट फाउंडेशन व एसेंचर के सौजन्य से बहुत ही भव्य तरीके से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास के करीब दर्जनों विद्यालय से सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने कुल 29 काउंटर पे ग्रुप वाइज लगभग 40 प्रोजेक्ट्स के साथ भाग लिया। छात्र-छात्राओं नें ग्रीन सिटी, मिसाईल, खेतों को नुकसान पहुँचा रहे पशुओं से बचाव के लिए फायर गन, सोलर सिस्टम, मिनी स्मार्ट सिटी, ग्रामीण परिवेश, हृदय संरचना, मानव संरचना, एक्सप्रेस-वे, घरेलू उपकरणों से बनाए जाने वाले केमिकल्स, हाइड्रोलिक सिस्टम सहित कुल 40 प्रोजेक्ट की छात्र-छात्राओं नें प्रस्तुति की। जिसमें कुल पांच टीम को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिया गया। साथ ही विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी छात्रों को मेडल, प्रमाण पत्र, डायरी, मोमिन्टो, टी-शर्ट आदि देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सदर विधायक गाजीपुर के प्रतिनिधि सुरेश चंद्र साहू ने कहा कि ऐसी प्रदर्शनी से बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा का विकास होता है। साथ ही साथ डायट प्रवक्ता हरिओम यादव ने भी बच्चों का हौसला बढ़ाया। खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम ने पहुंचकर बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए बच्चों का हर संभव सहयोग करने का भरोसा भी दिलाया।



### नव निर्मित पुलिस चौकी का डीएम व एसपी ने फीता काट कर किया लोकार्पण

गाजीपुर। भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के सिद्धपीठ हथियाराम मठ प्रांगण में नवनिर्मित पुलिस चौकी का शुक्रवार को सिद्धपीठ के पीठाधिपति महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनन्दन यति महाराज के सानिध्य में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक डा.ओमवीर सिंह ने फीता काट कर लोकार्पण किया। डीएम आर्यका अखौरी ने कहा कि आजमगढ़ और मऊ जनपद की सीमा पर स्थापित इस पुलिस चौकी से अपराध पर अंकुश लगेगा। भुड़कुड़ा कोतवाली क्षेत्र में खुले इस दूसरी पुलिस चौकी का क्षेत्र की जनता को सीधा लाभ मिलेगा। आस-पास की जनता को पुलिस संबंधी समस्या का त्वरित निस्तारण कराने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही जनता को 10 से 12 किलोमीटर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। पुलिस अधीक्षक डॉ. ओमवीर सिंह ने कहा कि आज के परिवेश में साइबर क्राइम और सड़क दुर्घटनाएं काफी बढ़ गई है। लोगों को इससे बचने की जरूरत है। तकनीकी युग में जहां मोबाइल और तकनीकी सेवाओं का विस्तार तो हुआ है, लेकिन इसके दुष्परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं। जनता से यातायात नियमों का पालन करने के साथ ही महिलाओं का आह्वान किया कि वह भी गाड़ी पर हेलमेट लगाकर ही बैठे। किसी के साथ साइबर क्राइम की घटनाएं होने पर तत्काल 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराने की बात कही। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र प्रसाद ने छोटे-मोटे मामले ग्राम स्तर पर ही सुलझा लेने की अपील की।



### प्रशिक्षण में दी मरीजों को फाइलेरिया प्रभावित अंगों की समुचित देखभाल की जानकारी

# फाइलेरिया के हाथीपांव रोगियों को प्रदान की गई एमएमडीपी किट

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद में गुरुवार को बैरिया तहसील के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प आयोजित कर 107 फाइलेरिया रोगियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही फाइलेरिया प्रभावित अंगो की रुग्णता प्रबंधन के लिए एमएमडीपी किट प्रदान की गयी। प्रशिक्षण में जिला मलेरिया अधिकारी (डीएमओ) सुनील कुमार यादव ने कहा कि फाइलेरिया मच्छर जनित रोग है। यह मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। इसे लिम्फोडिमा (हाथी पांव) भी कहा जाता है। यह न सिर्फ व्यक्ति को दिव्यांग बना देती है बल्कि इस वजह से मरीज की मानसिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। शुरू में डॉक्टर की सलाह पर दवा का सेवन किया जाए तो बीमारी को बढ़ने से रोक सकते है इससे बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर के आस- पास व अंदर साफ-सफाई रखें, पानी जमा न होने दें और समय-समय पर रुके हुए पानी में कीटनाशक, जला हुआ मोबिल, डीजल का छिड़काव करते रहें।





उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में फाइलेरिया के 3730 मरीज हैं। इसमें हाइड्रोसील के 780 और लिम्फोडीमा के 2950 मरीज हैं। हाइड्रोसील के 780 मरीजों में से 113 मरीजों का सफल ऑपरेशन हो चुका है। लिम्फोडीमा के 2950 मरीजों में से 1799 मरीजों को एमएमडीपी किट वितरित की जा चुकी है। डीएमओ ने फाइलेरिया प्रभावित अंगों के रुग्णता प्रबंधन का अभ्यास कराया, व्यायाम का तरीका भी बताया गया जिसे अपनाने से सूजन नहीं बढ़ती है और बताया कि इससे बचने के लिए एमडीए अभियान के दौरान दो वर्ष से ऊपर के सभी लोगों को दवा का सेवन करने की आवश्यकता है। दवा के सेवन से फाइलेरिया रोग से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया के मरीजों के प्रभावित अंग को अच्छी तरह से साफ-सफाई कर रखना चाहिए, ताकि किसी प्रकार के संक्रमण से मरीज न प्रभावित हो। इसके लिए उन्हें साफ-सफाई और दवा का सेवन नियमित रूप से करना जरूरी है।

ब्लॉक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक संजय कुमार यादव ने बताया कि गुरुवार को 107 रोगियों को फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए एमएमडीपी किट प्रदान की गई। इस किट में हाथ धोने का साबुन, टब, बाल्टी, मग, तौलिया, ग्लब्स एवं आवश्यक दवा आदि शामिल है। साथ ही, उन्हें व्यायाम की जानकारी दी गई। मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरबी सिंह, डॉ. बलवंत सिंह, पाथ संस्था के आरएनटीडीओ डॉ अबू कलीम, वीबीडीसी रागिनी तिवारी, मलेरिया निरीक्षक राजकुमार, ब्लॉक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक संजय कुमार यादव व अन्य उपस्थित रहे।